संख्या-771/2024/-/41-1-2024-सी0एन0 1829962 2024

प्रेषक,

संजीव कुमार श्रीवास्तव,
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ०प्र०
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक 07 अक्टूबर, 2024

विषयः जनपद बुलन्दशहर के विधान सभा क्षेत्र शिकारपुर मौनी धाम आश्रम में सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया पर्यटन निदेशालय के पत्र सं० 816/मु०म०प०सं०यो० (45)/ बुलन्दशहर/2020, दिनांक 24 मई, 2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जनपद बुलन्दशहर के विधान सभा क्षेत्र शिकारपुर मौनी धाम आश्रम में सौन्दर्यीकरण कार्य हेतु परियोजना की पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2 अवगत कराना है कि प्रश्नगत परियोजना हेतु उ०प्र० स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि० (यू०पी० सिडको) को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए वित्तीय वर्ष 2020-21 में शासनादेश संख्या 212/2021/623/41 2021-70 (बजट)/2021, दिनांक 12.03.2021 द्वारा धनराशि रू० 45.33 लाख (जीएसटी सहित) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा प्रथम किश्त के रूप में धनराशि रू० 22.66 लाख, शासनादेश संख्या 501/2021/2858/41-2021-70 (बजट)/2021 दिनांक 12.10.2021 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू0 11.33 ताख, शासनादेश संख्या 10/2022/4756/41 2021-70 (बजट)/2021, दिनांक 04.01.2022 द्वारा तृतीय किश्त के रूप में रू0 93,036.00 तथा शासनादेश संख्या- 155/2022/702/41 2022 08 (बजट)/2022 टी०सी० दिनांक 26 मार्च, 2022 द्वारा चतुर्थ किश्त के रूप में धनराशि रू0 8.90.469.56 अर्थात अब तक कुल धनराशि रू0 43.82.505.56 अवमुक्त की गयी है।

3 उल्लेखनीय है कि पर्यटन निदेशालय, उ०प्र० के पत्र दिनांक 24.05.2024 द्वारा जनपद बुलन्दशहर के विधान सभा क्षेत्र शिकारपुर मौनी धाम आश्रम में सौंदर्गीकरण कार्य हेतु स्वीकृत घटकों के अतिरिक्त परिवर्तित कार्य कराये जाने के दृष्टिगत प्रश्नगत परियोजना की पुनरीक्षित आगणित लागत रू० 46.45 लाख को प्रेषित करते हुए पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया था। तत्क्रम में प्रश्नगत परियोजना की प्रस्तावित पुनरीक्षित आगणित लागत रू0 46.45 लाख के सापेक्ष धनराशि रू0 45.98 लाख (जी०एस०टी० सहित) मूल्यांकित की गयी है।

4 इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रायोजना हेतु कार्यदायी संस्था उ०प्र० स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि० (पू०पी० सिडको) द्वारा उपलब्ध कराये गये संशोचित पुनरीक्षित आगणन धनराशि रू0 46.45 लाख के सापेक्ष आंकलित लागत रू0 45.98 लाख (जीएसटी सहित) की पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं:-

(1) प्रश्नगत परियोजना हेतु पूर्व में निर्गत शासनादेश दिनांक 12.03.2021, दिनांक 12.10.2021 दिनांक 04.01.2022 एवं दिनांक 26 मार्च, 2022 में उल्लिखित शर्तों/प्रतिबंधों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(2) स्वीकृत धनराशि जिस कार्य/मद हेतु प्रदान की जा रही है उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्यमद हेतु किया जायेगा, अर्थात् स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नहीं किया जायेगा। उक्त कार्यों को अनुमोदित तागत की सीमान्तर्गत ही कराया जायेगा तथा कार्यदायी संस्था को अनुमोदित तागत के अतिरिक्त कोई अन्य धनराशि चार्जेज नहीं दिया जायेगा।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(3) प्रश्नगत परियोजना के निर्माण कार्य में वस्तु एवं सेवाकर (जी०एस०टी०) की धनराशि कार्यदायी संस्था को वास्तविक भुगतान के अनुसार नियमानुसार अनुमन्य होगी तथा इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था द्वारा सक्षम स्तर से अनुमोदित जी०एस०टी० भुगतान के सम्बन्ध में प्रामाणिक प्रपत्र महानिदेशक पर्यटन के माध्यम से शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त लेबर सेस के रूप में प्रदान की गयी धनराशि श्रम विभाग को भुगतान किये जाने का प्रमाण पत्र कार्यदायी संस्था से प्राप्त कर शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र के साथ उपलब्ध कराया जायेगा।

(4) प्रायोजना का सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य कराया जायेगा। कार्य की गुणवत्ता. मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी पर्यटन निदेशालय/कार्यदायी संस्था की होगी।

(5) यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यों की गुणवत्ता उच्चकोटि की हो तथा समय-समय पर कार्यदायी संस्था द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों का पर्यवेक्षण (मानीटरिंग) महानिदेशक, पर्यटन द्वारा सुनिश्चित कराया जाय। स्वीकृत धनराशि कोषागार से आहरित कर आहरण के बाउचर संख्या एवं तिथि की सूचना शासन एवं महालेखाकार प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(6) प्रश्नगत परियोजना में होने वाले निर्माण कार्य के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि निर्माण कार्य आगणन के अनुरूप उसके तकनीकी अनुमोदन के अनुसार किया गया है तथा परियोजना को कार्यदायी संस्था से हस्तगत कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण कर लिया जायेगा एवं निर्मित परिसम्पत्ति का समुचित रख रखाव सुनिश्चित किया जायेगा एवं इसकी अद्यतन प्रगति रिपोर्ट ई-परियोजनाओं की समीक्षा के पोर्टल पर अंकित कराते हुए शासन को अवगत कराया जायेगा।

(7) प्रश्नगत परियोजना में टाइम ओवर-रन/कास्ट ओवर रन को निमन्त्रित करने के सम्बन्ध में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-07/2017/बी-1-823/दस-2017-एम 04/2017 दिनांक 21 जून, 2017 में दिये गये निर्देशों तथा बजट मेनुअल के प्रस्तर -212 (VII) में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया गया।

(8) प्रश्नगत परियोजना में निर्माण कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी। अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र भी निर्धारित प्रपत्र पर सक्षम स्तर से शासन एवं महालेखाकार, प्रयागराज को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। सोशल आडिट से सम्बन्धित व्यवस्था/नियमों का भी पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(9) यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उपरोक्तांकित स्वीकृत योजनान्तर्गत कार्यों हेतु किसी अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त न की गयी हो। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि इस योजना की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं में द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो और इसके रख-रखाव हेतु राज्य सरकार के ऊपर व्यय भार न पड़े।

(10) कार्यदायी संस्था द्वारा शासकीय धन पर यदि ब्याज अर्जित किया गया है, तो उसे अनिवार्य रूप से राजकोष में जमा कराना सुनिश्चित किया गया। यह भी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि आगणन में बाट आउट एवं प्रोप्राइटरी श्रेणी के कार्यों पर सेन्टेज का भुगतान अनुमन्य न किया जाय। इसका अनुपालन पर्यटन निदेशालय एवं कार्यदायी संस्था द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) प्रायोजनान्तर्गत सेन्टेज चार्जेज (प्रतिशत प्रभार) निर्माण लागत तथा विलीय स्वीकृति से सम्बन्धित विल्लीप प्रबन्धन के सम्बन्ध में विल (लेखा) अनुभाग 2 के शासनादेश संख्या 01/2023/ए: 2-60/ दस 2023-17(4)/75, दिनांक 17 मई 2023 एवं शासनादेश संखरा 02/2023/ ए-2-66/ दस 2023-17(4)/75, दिनांक 19 मई 2023 में निहित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(12) प्रश्नगत परियोजना की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति पर्यटन निदेशालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना/विवरण के आधार पर प्रदान की जा रही है। यदि परियोजना के मानक के सम्बन्ध में कोई सूचना गलत पायी जाती है. तो इसका पूर्ण उत्तदायित्व कार्यदायी संस्था एवं पर्यटन निदेशालय एवं क्षेत्रीय अधिकारियों का होगा।

(13) महानिदेशक, पर्यटन द्वारा कार्य पूर्ण होने के उपरान्त कार्यदायी संस्था से सम्प्रेक्षित लेखे अवश्य प्राप्त किये जायेंगे।

5 यह आदेश क्ति (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या 1/2024/बी 1-294/दस- 2024-231/2024, दिनांक 04 मार्च, 2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्राविधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
उप सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1 प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ०प्र०, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ०प्र०, प्रयागराज।
3. निजी सचिव, मा० मंत्री, पर्यटन विभाग, उ०प्र० शासन।
4. जिलाधिकारी, बुलन्दशहर।
5. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
6. प्रबन्ध निदेशक, उ०प्र० स्टेट कान्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लि० (यू०पी० सिडको) लखनऊ।
7.वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
8. निदेशक, उ० प्र० नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (UPNEDA), लखनऊ।
9 उप निदेशक, पर्यटन (राज्य योजना), मुख्यालय को इस आशय से प्रेषित कि कृपया क्रमांक 6,7 व 8 को अपने स्तर से आदेश की प्रति प्रेषित करने का कष्ट करें।
10. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7
11. गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।